IMD द्वारा हीट वेव का पूर्वानुमान

चर्चा में क्यों?

भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने **पश्चिम राजस्थान, पश्चिम उत्तर प्रदेश और दक्षिण हरियाणा** में स्थिति के साथ उत्तर पश्चिम भारत में हीट वेव का पूर्वानुमान लगाया है।

मुख्य बिंदु:

- **क्षेत्रीय मौसम केंद्र (RWFC) दिल्ली** के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिम राजस्थान और पूर्वी राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर हीट वेव का भी अनुमान है।
- लोकसभा चुनाव **2024 के चौथे चरण** के दौरान, भारतीय निर्वाचन आयोग ने कहा कि मौसम के पूर्वानुमान से संकेत मिलता है कि चुनाव के लिये जाने वाले **संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में सामान्य से कम तापमान रहने की संभावना है** और **मतदान के दिन इन क्षेत्रों में हीट वेव जैसी कोई स्थिति नहीं होगी।**

भारत मौसम विज्ञान विभाग (India Meteorological Department- IMD)

- **IMD** की स्थापना **वर्ष 1875** में हुई थी। यह देश की **राष्ट्रीय मौसम विज्ञान** सेवा है और मौसम विज्ञान एवं संबद्ध विषयों से संबंधित सभी मामलों में प्रमुख सरकारी एजेंसी है।
    - यह भारत सरकार के **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय** की एक एजेंसी के रूप में कार्य करती है।
- इसका मुख्यालय **नई दिल्ली** में है।
- **IMD** विश्व मौसम विज्ञान संगठन **के छह क्षेत्रीय विशिष्ट मौसम विज्ञान केंद्रों में से एक है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/imd-predicts-fresh-heatwave-over-rajasthan